Prajapita Brahma Kumari Ishwariya Vishwa Vidhyalaya

Sector - 9, Old G.T. Road, Pantoon Bridge No. 11, Kumbh Mela Camp, Allahabad U.P.

Contact No.:- 9450404514, 9415601290

प्रेस विज्ञप्ति

चैतन्य देवियो की झांकी बनी विशेष आकर्षण, जीवंत शिव की बारात हो रही साकार

कुम्भ मेला क्षेत्र, सेक्टर – 9 कुम्भ मेले में वैसे तो पूरे भारतीय संस्कृति और परमात्म भाक्ति से जोड़ने के कई मार्ग उपलब्ध है। परन्तु सेक्टर नौ में परमात्म भाक्ति से आत्म जागृति आध्यात्मिक मेला अनोखा और अद्वितीय है। क्योंकि यहाँ पर आडम्बर से दूर आत्मा की गहराईयों मे जाने का एक श्रेश्ठ माध्यम उपलब्ध है। जीवन्त चैतन्य देवियों का अवतरण, शिव की बारात, धरती पर स्वर्ग का मॉडल अपने आप ही लोगों को बरबस खींच रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आये भांकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि सभी योगों से हटकर राजयोग का अभ्यास सर्वोपरि है। इसके विना परमात्मा को प्राप्त नही किया जा सकता है। आत्मा की भाक्तियों को जगाना तथ उसके आाधार से एक बेहतर जीवन बनाना इसका लक्ष्य सभी के लिएअति आव यक है ।

इलाहाबाद के कमिश्नर देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि यहाँ आने के बाद पूरे मेले की सार्थकता नजर आने लगी है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में थोड़ा भी इस ज्ञान को धारण करें तो जीवन मे महान बदलाव आयेगा, इसलिए सभी लोगों को आकर इसका लाभ उठाना चाहिए। कर्म और धर्म की व्याख्या स्पश्ट रूप से दी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। इलाहाबाद के मेयर अभिलाशा गुप्ता बहन ने कहा कि इन बहनों द्वारा जो यह ज्ञान का बीज बोया गया है। वह मनुश्य के लिए अति उपयोगी है । इससे कुम्भ मेला वास्तव में सार्थक हो जायेगा।

ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यकारी सचिव बी के मृत्युन्जय ने कहा कि हम यही चाहते हैं कि कुम्भ में आने वाले लोगो को अपने और परमात्मा के सन्दर्भ में यथार्थ परिचय मिले तथा वे परमात्मा से भाक्ति प्राप्त कर अपने जीवन को महान और श्रेश्ठ बनाये। आध्यात्मिक जागृति के मेला की प्रभारी बी के मनोरमा ने कहा कि इस मेले का लक्ष्य लोगों का आन्तरिक विकास करना है ताकि जीवन के प्रत्येक पहलू को करीबी से समझा जा सके । इस अवसर पर बड़ी संख्या में माउण्ट आबू तथा देश के कई हिस्सों से आये लोग उपस्थित थे।

विशेष आकर्शणः– इस परमात्म भाक्ति से आत्म जागृति मेला मे लगायी गयी चैतन्य दवियो की झांकी, विश्व का पहला 3डी मेडिटेशन एनिमेशन फिल्म, चैतन्य शिव की बारात, युवा विकास, महिला सुरक्षा तथा विशेष परमात्म अनुभूति शिविर तथा व्यसनमुक्ति केन्द्र का भी आयोजन किया गया हैं। जो लोगो के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

प्रतिदिन के कार्यक्रमः– प्रतिदिन सुबह एवं सायं विशेष परमात्म अनुभूति शिविर होगा। इसके साथ ही चैतन्य देवियों की झांकी भी उपलब्ध होगी। सर्व के सहयोग से सुखमय संसार तथा कई विशयों पर सेमिनार का भी होगा आयोजन।

फोटो कैप्सनः – परमात्म भाक्ति से आत्म जागृति अनुभूति आध्यात्मिक मेले का उद्घाटन करते हुए अतिथि तथा सभा में उपस्थित लोग।